प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 20.05.2024 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार :-**

- **लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए आज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ मतदान।**
- **नर्सिंग कॉलेज घोटाले में सीबीआई का एक और इंस्पेक्टर रिश्वत लेते गिरफ्तार।**
- **उज्जैन में यात्रियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने शुरू किये प्रीपेड ऑटो बूथ।**
- **प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी, ग्वालियर-चंबल और निमाड़ लू की चपेट में।**

**लोकसभा चुनाव-मतदान**

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए आज मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया । आज छह राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों के 49 निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले गए। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, ओडिसा तथा बिहार की पांच-पांच, झारखंड की तीन और जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख की एक-एक सीट पर मतदान हुआ । इस चरण में छह सौ 95 उम्मीडदवार चुनाव मैदान में हैं। जिन प्रमुख उम्मीदवारों का भाग्यप आज मतपेटियों में बंद हो गया है उनमें केन्द्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी तथा पीयूष गोयल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा के. एल. शर्मा, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला और लोक जनशक्ति पार्टी- रामविलास गुट के चिराग पासवान शामिल हैं।

**मतगणना तैयारियां**

प्रदेश में 4 जून को सभी 29 सीटों पर होने वाली मतगणना की तैयारियों तेजी से चल रही हैं. इसी बीच, अधिकारी स्ट्रांग रूम पर भी नजर रखे हुए हैं.

**गुना** में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रथम कौशिक ने आज शासकीय पी.जी. कॉलेज में पहुंचकर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और सीसीटीव्ही कैमरों से हो रही स्ट्रांग रूम की निगरानी व्यवस्था भी देखी।

**शहडोल** संसदीय क्षेत्र के जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में मतगणना तैयारियों के लिए समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की बैठक हुई।

**नीमच** में कलेक्टर दिनेश जैन एवं एएसपी एन.एस.सिसोदिया ने अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल, मतगणना परिसर, का निरीक्षण कर, मतगणना तैयारियों का जायजा लिया।

**सीहोर में** जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि मतगणना कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है।

**अल्पविराम कार्यक्रम**

राज्य आनंद संस्थान द्वारा मंत्रालय वल्लभ भवन, सतपुड़ा एवं विंध्याचल में पदस्थ पुलिसकर्मियों के लिये दो दिवसीय अल्पविराम - स्वयं से मुलाकात कार्यक्रम आयोजित किया गया। अल्पविराम कार्यक्रम के माध्यम से जीवन में आंतरिक आनंद के महत्व पर चर्चा की गई। सेशन में विभिन्न टूल्स के माध्यम से जीवन का लेखा-जोखा, रिश्ते, चिंता का दायरा, प्रभाव का दायरा और विभिन्न रोचक गतिविधियों के माध्यम से जीवन में मानवीय

मूल्यों के महत्व पर गहराई से सभी अधिकारियों कर्मचारियों के साथ चर्चा कर एवं अनुभव साझा किये।

**नर्सिंग कालेज घोटाला**

प्रदेश में नर्सिंग कॉलेज घोटाले के मामले में दिल्ली की सीबीआई टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। आज सीबीआई टीम के एक और इंस्पेक्टर सुशील मजोकर को दो लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। इसके अलावा रतलाम नर्सिंग कॉलेज वाइस प्रिंसिपल जुगल किशोर शर्मा और भाभा कॉलेज भोपाल के प्रिंसिपल जलपना अधिकारी को भी गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, दिल्ली सीबीआई को मध्य प्रदेश के नर्सिंग घोटाला मामले में कई अहम सबूत हाथ लगे हैं, जिसके बाद ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां की जा रही हैं। इससे पहले कल रात सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। विजिलेंस टीम ने नर्सिंग घोटाले में सीबीआई के दो निरीक्षक समेत 13 आरोपितों में से 12 को आज अदालत में पेश किया, जहां कोर्ट ने उन्हें 29 तारीख तक रिमांड पर सीबीआई को सौंप दिया है।

**उज्जैन प्री पेड**

उज्जैन में यात्रियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने तीन प्रीपेड बूथ शुरू किए गए हैं। रेलवे स्टेशन के बाहर दो और एक प्रीपेड बूथ महाकाल मंदिर के निर्गम गेट के पास स्थापित किया गया है, जहां से यात्री अपने गंतव्य स्थान के लिए निर्धारित दर अनुसार ऑटो की बुकिंग कर सकेंगे।

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने रेलवे स्टेशन के बाहर स्थापित प्री पैड बूथ और मालगोदाम के पास बने प्री पैड बूथ का आज शुभारंभ किया। बैटरी से चलने वाले ई रिक्शा वाहन का प्रथम 3 किलोमीटर पर प्रति व्यक्ति 10 रुपये और इसके बाद 3 किलोमीटर से अधिक यात्रा पर प्रति व्यक्ति 20 रुपये किराया देय होगा।

**प्रदेश कांग्रेस मंथन**

प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर मतदान के बाद पहली बार आज भोपाल में कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों की बैठक हुई। इसमें मतगणना के दिन रखी जाने वाली सावधानियों और काउंटिंग एजेंट्स को प्रशिक्षण देने पर चर्चा हुई। कांग्रेस जिलेवार प्रभारी की नियुक्ति करेगी। वहीं, 25 मई को भोपाल में काउंटिंग एजेंट्स को ट्रेनिंग दी जाएगी।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में 5 जून से 15 अगस्त तक मंथन कार्यक्रम चलाएगी। इस कार्यक्रम के तहत आगामी नगर निकाय, पंचायत और अगले विधानसभा चुनाव के हिसाब से तैयारी की जाएगी।

**इंदौर पहल**

इंदौर में नागरिकों को उनकी संपत्ति का वास्तविक मालिकाना हक दिलाने के लिये पायलट प्रोजेक्ट के रूप में रजिस्ट्री अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत शहर के ऐसी अवैध कॉलोनियां जिन्हे राज्य शासन के निर्देशानुसार वैध किया गया है,वहां के रहवासियों की संपत्ति की रजिस्ट्री कराई जायेगी। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि इसके वार्ड नम्बर 31 में स्थित शीतल नगर रेडिसन होटल के पास तथा वार्ड नम्बर 30 में स्थित मालवीय नगर का चयन किया गया है । इन स्थानों पर बेहतर परिणाम प्राप्त होने के उपरांत अन्य क्षेत्रों में भी बढाया जा सकेगा।

**मौसम**

प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। ग्वालियर-चंबल और निमाड़ लू की चपेट में है। जबकि भोपाल, इंदौर और उज्जैन में भी गर्मी तीखे तेवर दिखा रही है। गर्मी के कारन बाजार सुनसान हैं और लोग घरों में कैद हो गए हैं. राजधानी भोपाल में भी दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा. वहीं इंदौर में आज दोपहर में बारिश हुई । मौसम विभाग के अनुसार अशोकनगर, बैतूल, दमोह, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, पन्ना और सतना के चित्रकूट में आंधी भी चल सकती है। वहीं, हल्की बारिश भी होने की भी संभावना है। प्रदेश में ग्वालियर, दतिया और भिंड में तापमान 45 डिग्री के करीब बना हुआ है। गुना में आज दिन का अधिकतम तापमान 44 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया .

**समाचार संक्षेप**

1. **मंदसौर** में राष्ट्रीय वृद्ध जन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिला अस्पताल सहित जिले के 12 शासकीय अस्पतालों में वृद्ध जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
2. **रतलाम** में 21 मप्र बटालियन एनसीसी द्वारा शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सैलाना में 15 से 24 मई तक वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है।
3. **टीकमगढ** जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों के लिए जिला पेंशन कार्यालय में 24 और 25 मई को पेंशन शिविर का आयोजन किया जाएगा।
4. **देवास** जिले में फसल क्षति मुआवजा वितरण में वित्तीय अनियमितता के आरोप में कन्नौद-खातेगांव तथा सोनकच्छ अनुभाग में पदस्थ 16 पटवारियों की सेवा समाप्त कर दी गई है।
5. **सागर** में जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने रहली तहसील के माध्यमिक शिक्षक राम सिंह ठाकुर को नशे की हालत में कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने पर निलंबित कर दिया है ।
6. **सीहोर** में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने पीएचई एवं सभी नगरीय निकायों को ग्रीष्म काल में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए हैं ।
7. **छतरपुर** में पुलिस अधीक्षक ने समस्त थाना प्रभारियों को नशाखोरों और अवैध रूप से नशे का कारोबार करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं । और
8. **शिवपुरी** कलेक्टर कार्यालय में आग लगाने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन तीन आरोपियों के नाम रूप सिंह परिहार, राहुल परिहार और जितेंद्र पाल बताए गए हैं।

---------------